HINDI DIWAS

सन् २०२० की महामारी काल में ऑनलाइन क्लास ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई | स्कूलों और शिक्षकों के अथक प्रयास ने इसे एक सशक्त और कारगर माध्यम बनाकर बच्चों को शिक्षित करने और कई प्रकार की गतिविधियों द्वारा उन्हें व्यस्त रखने का महत्वपूर्ण कार्य किया | इसमें बच्चों का भी भरपूर सहयोग रहा | इसी के अंतर्गत अमृता विद्यालयम् के छात्रों ने १४ सितंबर २०२० की ऑनलाइन क्लास में हिंदी दिवस मनाकर अपने उत्साह और अपनी राष्ट्रभाषा के प्रति प्रेम का परिचय दिया | विभिन्न कक्षाओं के छात्रों ने विभिन्न गतिविधियों, जैसे भाषण, गीत, काव्य गायन तथा पी पी टी के द्वारा हिंदी भाषा के प्रति अपनी भावनाएँ व्यक्त कीं |

कक्षा ९ वीं की वृषाली पटियाल, खुशबू कुमारी, सृष्टि मिश्रा तथा आयुष शर्मा ने मिलकर पी पी टी प्रस्तुत की | सुप्रिया चौरसिया ने भी एक आकर्षक पी पी टी बनाकर हिंदी भाषा से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रस्तुत की | खुशबू कुमारी ने स्वरचित कविता सुनाकर समाँ बाँध दिया | कक्षा १० वीं की निकुंजा सोनावने, गोपिका तथा श्रेया मिश्रा ने समूह गीत द्वारा हिंदी भाषा का गुणगान किया | कक्षा ६ठीं के चेतन साहू , अदिती पाटील तथा आर्या कीर्ति ने हिंदी भाषा के प्रति अपने-अपने विचार व्यक्त किए | इस प्रकार महामारी की विभिषिका को मात देते हुए अमृता विद्यालयम् के छात्रों ने बड़े उल्लास के साथ हिंदी दिवस मनाया |